पत्रिका

Chennai, 12/01/2023, Page 05

चार स्वयंसेवी संस्थाओं को मिलेगा 26वां महावीर पुरस्कार

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

चेन्नई. भगवान महावीर फाउंडेशन (बीएमएफ), कमजोर और वंचितजन को निस्वार्थ सेवा प्रदान करने वाले व्यक्तियों और संस्थानों को सम्मान देने और समाज की ओर से आभार व्यक्त करने के लिए समर्पित है। फाउंडेशन चार क्षेत्र जैसे- अहिंसा और शाकाहार, शिक्षा, चिकित्सा और समुदाय, समाज सेवा में महावीर पुरस्कार प्रदान करता है। 26 वें महावीर पुरस्कार विजेताओं की घोषणा की गई है। पुरस्कार विजेता हैं-ध्यान फाउंडेशन, नई दिल्ली (अहिंसा और शाकाहार), फ्रेंड्स ऑफ ट्राइबल सोसाइटी, पश्चिम बंगाल (शिक्षा), जन स्वास्थ्य सहयोग, छत्तीसगढ़ (चिकित्सा और समाज सेवा) और नोंगस्टोइन सोशल सर्विस सोसाइटी, मेघालय (सामुदायिक और सामाजिक सेवा)।

इस विषय में चयन समिति के सदस्य, भारत के पूर्व मुख्य चुनाव आयुक्त, टीएस कृष्णमूर्ति ने चयन प्रक्रिया का विवरण देते हुए कहा कि पुरस्कार विजेता कठिनाई भरी परिस्थितियों और इलाकों में उत्कृष्ट निःस्वार्थ सेवा कर रहे हैं। ट्रस्टी एस विनोद कुमार ने बताया कि स्थापना के बाद से वंचितों के कल्याण के लिए निःस्वार्थ सेवा के उत्कृष्ट 84 पुरस्कार विजेताओं को सम्मानित किया गया है। उन्होंने यह भी कहा कि इस वर्ष 4 और पुरस्कार विजेताओं का चयन किया गया है। कुल 23 राज्यों और 1 केंद्र शासित प्रदेश के शामिल होने से पुरस्कार विजेताओं की संख्या 88 हो गई है। उन्होंने चयन समिति को उनके समर्थन और मार्गदर्शन के लिए धन्यवाद दिया।

संस्थापक ट्रस्टी एन. सुगलचंद जैन ने आगे यह भी कहा कि 26वें महावीर पुरस्कार के प्रत्येक पुरस्कार विजेता को नकद राशि के रूप में 10 लाख की धनराशि, एक स्मृति चिन्ह और प्रशस्ति पत्र दिया जाएगा। इस वर्ष शॉर्टलिस्टिंग कमेटी द्वारा कुल 324 नामांकनों पर विचार किया गया। पुरस्कार विजेताओं के चयन का निर्णय भारत के पूर्व मुख्य न्यायाधीश एमएन वेंकटचलैया की

अध्यक्षता वाली एक प्रतिष्ठित चयन समिति द्वारा लिया गया है। इस अवसर पर 27वें महावीर पुरस्कार के लिए सुनिश्चित 4 श्रेणी जैसे अहिंसा और शाकाहार, शिक्षा, चिकित्सा और सामुदायिक और समाज सेवा में निःस्वार्थ सेवा करने वाले व्यक्तियों और संस्थानों का नामांकन आमंत्रित किया जा रहा है। 27वें महावीर पुरस्कारों के लिए नामांकन फॉर्म वेबसाइट से डाउनलोड किया जा सकता हैं।